>

Title: Need to allocate funds to the State Governments for the implementation of Sarva Shiksha Abhiyan Scheme.

श्री गणेश सिंह (सतना): महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। शिक्षा का अधिकार अधिनयम के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश पाने वाले बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति से यह विषय संबंधित है। समूचे देश भर के सभी राज्यों का विषय है। भारत सरकार ने शिक्षा के अधिकार के तहत सर्वशिक्षा अभियान के माध्यम से समाज के वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को गैर-अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत नःशुल्क प्रवेश दिलाने का प्रावधान अधिनियम की धारा 12 (1)(सी) के तहत किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार ने उक्त निर्देश का पालन करते हुए ही विद्यालय में प्रवेश दिलाया है। इसमें प्रतिवर्ष लगभग 65 करोड़ रुपये का व्यय राज्य सरकार पर आएगा। इसी तरह प्रत्येक वर्ष कक्षा एक के छात्र अगल कक्षा में प्रवेश करेंगे।

कक्षा आठ तक के स्कूल्स की फीस की भागीदारी की राशि लगभग 520 करोड़ रुपए होगी, जो कि अकेले राज्य सरकार अपने संसाधनों से पूरी नहीं कर सकती। केन्द्र सरकार के अधिनियम की धारा सात के तहत भागीदारी करने का प्रावधान है। इतना ही नहीं प्राइवेट स्कूल्स में प्रवेश पाने वाले बच्चों को यूनिफार्म और पाठ्यपुस्तकों के लिए 35 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी। अतः मेरी भारत सरकार से मांग है कि अधिनियम के तहत मध्य प्रदेश सरकार को सर्व शिक्षा अभियान के तहत केन्द्र की 65 प्रतिशत योजना के अनुसार राशि उपलब्ध कराई जाए। यह सिर्फ हमारे राज्य का ही नहीं, पूरे देश का सवाल है। सभी राज्यों में ऐसी ही स्थिति है। केन्द्र सरकार ने शिक्षा का अधिकार एक कानून बना दिया, लेकिन राज्य सरकारों को अगर वित्तीय सहायता नहीं मिलेगी तो गरीब बच्चों को लाभ नहीं मिल पाएगा।

सभापति महोदय : ठीक है, अब आप बैठ जाएं।

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति जी, आपके पहाड़ी क्षेत्र में भी यही स्थिति है। सभी राज्यों का यह विषय है।

सभापति महोदय: जो माननीय सदस्य अपने को गणेश सिंह जी द्वारा उठाए विषय से सम्बद्ध करना चाहते हैं, वे लिखकर अपना नाम दे दें। श्री राजेन्द्र अग्रवाल, श्रीमती जयश्रीबेन पटेल,

डा. राजन सुशान्त, श्री अर्जुनराम मेघवाल और श्री रवीन्द्र कुमार पांडेय श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए मुद्दे से अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।